---------------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (24) खण्ड -{47}

---------------------------------------------------------

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें..........

प्रश्न 1- बाप की किस श्रीमत से हर चीज़ को पत्थर से पारस बना सकते हो ?

A- योगबल से

B- पवित्रता से

C- ईश्वरीय बैंक में जमा करने से

D- शुभ भावना से

प्रश्न 2- ........... से हेल्थ .......... से वेल्थ मिलती है ?

A- ज्ञान, सेवा

B- योग, सेवा

C- योग, ज्ञान

D- ज्ञान, योग

प्रश्न 3- तुम्हारी यह है नम्बरवन बैंक। इसमें 4 आना डालो तो भविष्य में ..........बन जायेगा ?

A- सोना

B- पारस

C- 100 गुना

D- हीरा

प्रश्न 4- सच्चा--सच्चा मान-सरोवर कौन है ?

A- शिव बाबा

B- ब्रह्मा

C- ब्रह्माकुमार ब्रह्मकुमारियां

D- B और C

प्रश्न 5- एक ईश्वर से सच्ची मुहब्ळबत रखनी है, ....... सपूत बच्चों को ही लाना है, किसी कपूत को नहीं ?

A- प्रदर्शनी में

B- सेंटर में

C- इन्द्र की दरबार में

D- परियों की सभा में

प्रश्न 6- बाप है रूहानी और यह रूहानी स्टडी है,रूहानी सर्जरी है इसलिए बोर्ड पर नाम भी ऐसा लिखना चाहिए कैसा ?

A- "प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय"'

B- "ब्रह्माकुमारी रूहानी ईश्वरीय विश्वविद्यालय"

C- "ब्रह्मा मुख वंशावली ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय"

D- "परमपिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय"

प्रश्न 7- इनमे से कौनसा कलयुगी चित्र है ?

A- गणेश

B- हनुमान

C- कच्छ- मच्छ

D- उपरोक्त सभी कलयुगी

प्रश्न 8- राम-सीता, लक्ष्मी-नारायण यही मुख्य चित्र हैं। उसके बाद फिर चित्र है ........ ?

A- त्रिमूर्ति का

B- गोले का

C- झाड़ का

D- रावण का

प्रश्न 9- सुखमय श्रेष्ठ सफलता सम्पन्न अलौकिक जीवन का आधार क्या है ?

A- पवित्रता

B- स्थिति

C- स्मृति

D- स्नेह

प्रश्न 10- अब कौनसी वार्तालाप करनी है, तुम जज कर सकते हो कि राइट क्या है और रांग क्या है " ?

A- मन की वार्तालाप

B- सच की वार्तालाप

C- ज्ञान की वार्तालाप

D- ड्रामा की वार्तालाप

प्रश्न 11- अन्तर्यामी बाप दुनिया के सभी बच्चों के अन्दर की कौन सी बात जानते हैं ?

A- अंदर का तूफान

B- रावण सर्वव्यापी है।

C- सभी में 5 भूत प्रवेश हैं।

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 12- योग को क्या कहते हैं ?

A- ज्योति

B- अग्नि

C- प्रकाश

D- घृत

प्रश्न 13- सारे कल्प में बड़े से बड़ी हस्ती कौन है ?

A- शिव

B- ब्रह्मा

C- जगत अम्बा

D- ब्राह्मण

प्रश्न 14- किसके बिगर तुम विश्व के मालिक बन न सको ? भारत शिवालय बन न सके ?

A- सेवा

B- तपस्या

C- पढ़ाई

D- पवित्रिता

प्रश्न 15- जगत अम्बा का कौन सा ठॉव (स्थान) है ?

A- मूलवतन

B- सूक्ष्म वतन

C- स्थूल वतन

D- मधुबन

प्रश्न 16- अवतार अर्थात् रीइनकारनेशन किसको कहते हैं ?

A- ब्रह्मा

B- विष्णु

C- शंकर

D- शिव

---------------------------------------------------

भाग (24) खण्ड {47} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

---------------------------------------------------

उत्तर 1- *C ईश्वरीय बैंक में जमा करने से*

*बाप की श्रीमत है बच्चे, तुम्हारे पास जो कुछ भी है, उसे ईश्वरीय बैंक में जमा कर दो तो वह पत्थर से पारस हो जायेगा।* बाबा तो देने वाला है, वह तुमसे कुछ भी लेता नहीं लेकिन तुम्हारे पास जो भी एक्स्ट्रा है उसको सफल करो। किसी से कर्जा आदि नहीं लेना है। तूने रात गंवाई सोके...

उत्तर 2- *C योग, ज्ञान*

हेल्थ वेल्थ है तो हैपीनेस भी है। तुमको हेल्थ, वेल्थ, हैपी सबकुछ मिलता है। योग से विकर्म विनाश हो और लाइट का ताज आ जायेगा। देवतायें एवरहेल्दी, वेल्दी रहते हैं। स्वदर्शन चक्रधारी बनते हैं और ज्ञान रत्न धारण करते हैं, जिससे तुम वेल्दी बन जायेंगे। *इसको ही नेचर क्योर कहा जाता है।* आत्मा पवित्र हो गई फिर शरीर भी पवित्र मिलेगा, उनको कहा जाता है देवता। *पवित्र भी हैं तो हेल्दी, वेल्दी भी हैं।*

उत्तर 3- *D हीरा*

मनुष्य पैसा इकट्ठा करते हैं। *तुम्हारी यह है नम्बरवन बैंक। इसमें 4 आना डालो तो भविष्य में हीरा बन जायेगा।* पत्थर से सोना बन जाता है। तुम्हारी हर चीज़ को पारस बना देते हैं।

उत्तर 4- *B ब्रह्मा*

अमरनाथ अथवा शंकर पार्वती वहाँ कहाँ से आये। वह तो कोई मान-सरोवर नहीं। *सच्चा-सच्चा मान-सरोवर यह

(ब्रह्मा) है।* निराकार शिवबाबा है ज्ञान का सागर, वह जब तक इनमें न आये तब तक मान-सरोवर कैसे हो! आत्मा में ज्ञान है परन्तु सुनावे कैसे? जब तक मनुष्य तन न ले।

उत्तर 5- *C इन्द्र की दरबार में*

बाबा कहते है *मीठे बच्चे - एक ईश्वर से सच्ची मुहब्बत रखनी है, इस इन्द्र की दरबार में सपूत बच्चों को ही लाना है, किसी कपूत को नहीं*। ईश्वर से प्यार नहीं तो गोया असुरों से प्यार है। यहाँ तुमको ईश्वर का प्यार मिला है।

उत्तर 6- *B ब्रह्माकुमारी रुहानी ईश्वरीय विश्वविद्यालय*

बाप है रूहानी और यह रूहानी स्टडी है, रूहानी सर्जरी है इसलिए बोर्ड पर नाम भी ऐसा लिखना चाहिए *"ब्रह्माकुमारी रूहानी ईश्वरीय विश्व विद्यालय"।* रूहानी अक्षर जरूर डालना है।

उत्तर 7- *D उपरोक्त सभी कलयुगी*

बाकी जो चित्र हैं उनकी फिर अलग-अलग प्रदर्शनी दिखानी चाहिए कि यह सब कलियुगी चित्र हैं। *गणेश, हनुमान, कच्छ-मच्छ आदि सबके चित्र डालने चाहिए।* ऐसे बहुत किसम-किसम के चित्र मिलते हैं। *एक तरफ कलियुगी चित्र, एक तरफ हैं तुम्हारे चित्र।*

उत्तर 8- *D रावण का*

*मुख्य चित्र है शिवबाबा और ब्रह्मा, विष्णु, शंकर का।* विष्णु का भी सजा-सजाया रूप दिखाते हैं। विष्णु द्वारा पालना करते हैं, शंकर द्वारा विनाश। उनका इतना कर्तव्य नहीं है। स्तुति लायक शिवबाबा है और विष्णु भी बनते हैं। शंकर का पार्ट अलग है। नाम रख दिया है त्रिमूर्ति। *राम-सीता, लक्ष्मी-नारायण यही मुख्य चित्र हैं। उसके बाद फिर चित्र है रावण का।*

उत्तर 9- *C स्मृति*

*आधार है एक शब्द-‘स्मृति'।* वैसे भी सारे ड्रामा का खेल है ही विस्मृति और स्मृति का। इस समय स्मृति का खेल

चल रहा है। बापदादा ने आप ब्राह्मण आत्माओं को परिवर्तन किस आधार पर किया? *सिर्फ स्मृति दिलाई कि आप आत्मा हो, न कि शरीर।* इस स्मृति ने कितना अलौकिक परिवर्तन कर लिया।

उत्तर 10 :- *B सच की वार्तालाप*

सब कहते हैं यह तो बिल्कुल नई नॉलेज है। सच और झूठ सिद्ध कर बताया जाता है। भारत ही सचखण्ड और झूठ खण्ड बनता है। सचखण्ड में सच ही होगा। झूठ खण्ड में झूठ का ही वार्तालाप है। अब जब तक तुमको सच की वार्तालाप न मिले तो तुम जज कैसे करो। *बाप कहते हैं - अब तुम जज करो कि मैं तुमको राइट समझाता हूँ या वह राइट समझाते हैं।*

उत्तर 11 :- *C सभी में 5 भूत प्रवेश है।*

यह (*ब्रह्मा*) भी जानते हैं *_वह बाबा है अन्तर्यामी, मैं हूँ बाहरयामी।_* ऐसे नहीं सारी दुनिया के अन्दर क्या है वह

बैठकर बतायेंगे। हां, *यह जानते हैं कि सबके अन्दर 5 भूत प्रवेश हैं, इसलिए कहते हैं रावण सर्वव्यापी है।*

उत्तर 12 :- *D घृत*

*छोटा दीवा तो क्या, माया का तूफान ऐसा है जो बड़े-बड़े दीवे को बुझा देता है।* कभी मुरझा जाते हैं, योग कम हो जाता है। *योग को घृत कहेंगे। जितना योग लगायें, उतनी ज्योति जगी रहे।* तो यह बात अभी की है। आत्माओं की ज्योति जगाने के लिए शमा को आना पड़ता है, जिसको ही परमात्मा कहा जाता है।

उत्तर 13- * B ब्रह्मा*

“मीठे बच्चे - *सारे कल्प में बड़े से बड़ी हस्ती यह ब्रह्मा है*, इसमें ही बाप प्रवेश करते हैं, इन्हें ही तुम्हें फालो करना है''

उत्तर 14- *C पढ़ाई*

यह ईश्वरीय कॉलेज है - मनुष्य से देवता अथवा विश्व का मालिक बनने का। यहाँ हम आये ही हैं पढ़ने अथवा विश्व की बादशाही लेने। *इस पढ़ाई बिगर तुम विश्व के मालिक बन न सको। भारत शिवालय बन न सके।*

उत्तर 15- *C स्थूल वतन*

सबसे ऊंचे ते ऊंचा उनका ठाँव (रहने का स्थान) है। कौन सा ठाँव? मूलवतन। फिर ब्रह्मा, विष्णु, शंकर का कौन सा ठाँव है? सूक्ष्मवतन! फिर *जगत अम्बा का ठाँव है - यह स्थूलवतन*। यह तो सब जानते हैं कि जगत अम्बा तो यहाँ की रहने वाली होगी। जगत माना ही मनुष्य सृष्टि।

उत्तर 16 *D शिव*

वह एक ही वर्ल्ड का फादर है और कोई तो वर्ल्ड का फादर नहीं है, *वर्ल्ड का फादर है निराकार गॉड, उस एक को ही अवतार अर्थात् रीइनकारनेशन भी कहते हैं।* वह एक ही बाप है जिसको अपना सूक्ष्म वा स्थूल शरीर नहीं है। ब्रह्मा,

विष्णु, शंकर को भी सूक्ष्म शरीर है। उनको भी अवतार नहीं कहेंगे।

--------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (24) खण्ड -{48}

--------------------------------------------------

प्रश्न 1- सैपलिंग किसका लगेगा ?

A- मठ पंथ वालों का

B- ब्राह्मण धर्म का

C- देवी-देवता धर्म का

D- मनुष्यों का

प्रश्न 2- और सब मठ पंथ विनाश को कब पायेंगे ?

A- जब अंत में बाप आएंगे।

B- जब सारी आत्माएं नीचे आ जाएंगी।

C- जब बाबा की प्रत्यक्षता होगी।

D- जब देवी-देवता धर्म की पूरी स्थापना हो जायेगी।

प्रश्न 3- सबकी आंख कब खुलेगी ?

A- जब तीसरा विश्व युद्ध होगा।

B- जब विनाश होगा।

C- जब विनाश नजदीक आयेगा।

D- जब सब मठ पंथ का विनाश होगा।

प्रश्न 4- दुःख के आवागमन से छूटने के लिये किसके सिवाए और कोई उपाय है ही नहीं ?

A- पवित्र बनना

B- परमात्मा की याद

C- सबको सुख देना

D- दुआएं जमा करना

प्रश्न 5- वन्दे मातरम् किसने उच्चारा है?

A- बंकिम चंद्र चट्जी ने

B- बच्चों ने

C- बाप ने

D- रविंद्र नाथ टैगोर ने

प्रश्न 6- शिवबाबा का चैतन्य होम कौनसा है ?

A- परमधाम

B- मधुबन

C- ब्रह्मा

D- सूक्ष्म वतन

प्रश्न 7- चोटी तो ब्राह्मणों की है। चोटी के ऊपर कौन है ?

A- देवी देवता

B- ब्रह्मा

C- शिव बाबा

D- विष्णु

प्रश्न 8- देवी-देवता धर्म का माई बाप कौन है ?

A- लक्ष्मी नारायण

B- शिव बाबा

C- ब्रह्मा सरस्वती

D- गीता

प्रश्न 9- ऊंच पद पाने का आधार क्या है ?

A- आत्म अभिमानी बनो।

B- बाप के हर डायरेक्शन पर चलो।

C- अन्दर में जो भी बुरी आदतें हैं वह निकाल दो।

D- बाप में कभी भी संशय नहीं लाना।

प्रश्न 10- सबसे जास्ती धोखा देने वाली कौन सी कर्मेन्द्रिय है ?

A- जबान

B- आंखें

C- कान

D- नाक

प्रश्न 11- पास विद ऑनर कितने होते है ?

A- 8

B- 108

C- 16108

D- 9 लाख

प्रश्न 12- ब्रह्मा कौन है ?

A- सतयुग का पहला प्रिन्स

B- आदिदेव हैं

C- प्रजापिता

D- शिव का पहला बच्चा

प्रश्न 13- होलीहंस अर्थात् ?

A- मोती चुगने वाले

B- नीर क्षीर को अलग करने वाले

C- स्वच्छता और विशेषता वाली आत्माएं

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 14- साहेब किस पर राज़ी होता है ?

A- जिसका तन साफ हो

B- जिसके सम्बन्ध साफ हो

C- जिसका दिल साफ हो

D- B और C

प्रश्न 15- आपके पास कौनसी खुराक है वह बीमारी को भगा देती है, भुला देती है ?

A- ज्ञान की

B- योग की

C- खुशी की

D- दिव्य गुणों की

प्रश्न 16- ब्राह्मण आत्मा को कभी भी कौन सी आत्मा के प्रति घृणा नहीं आ सकती ?

A- कंस

B- जरासंधी

C- रावण

D- उपरोक्त सभी

-----------------------------------------------------

भाग (24) खण्ड {48} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-----------------------------------------------------

उत्तर 1- *C देवी देवता धर्म का*

यह है सभी आत्माओं का निराकार फादर, जो नॉलेजफुल है। ड्रामा के आदि मध्य अन्त को जानते हैं। बाप को पढ़ाना भी तुम बच्चों को ही है क्योंकि तुम ही चक्रवर्ती राजा फिर से बनने वाले हो। सभी तो मनुष्य से देवता नहीं बनेंगे। *जो भी पहले देवी-देवता धर्म वाले होंगे उन्हों का ही फिर सैपलिंग लगेगा*

उत्तर 2- *D जब देवी देवता धर्म की पूरी स्थापना हो जायेगी*

*जब देवी-देवता धर्म की पूरी स्थापना हो जायेगी तो फिर और सब मठ पंथ विनाश को पायेंगे।* सभी आत्माओं को बाप वापिस ले जायेंगे। बाप आते ही हैं पतित दुनिया में, आकर सबको वापिस ले जानें।

उत्तर 3- *C जब विनाश नजदीक आयेगा*

*विनाश नजदीक आयेगा तो सबकी आंख खुलेगी।* अभी तो सिर्फ तुम ही निश्चय करते हो कि परमपिता परमात्मा की इस तन में प्रवेशता होती है। गाते भी हैं गाइड अथवा लिबरेटर आयेगा - जो सबको दु:ख से लिबरेट कर ले जायेगा।

उत्तर 4- *B परमात्मा की याद*

परमात्मा के पास विकर्म विनाश कराने के दो तरीके हैं - एक है सजाओं से पवित्र बनाने का तरीका, दूसरा है योग लगाने से पवित्र बनने का तरीका, जिससे पाप नाश होते हैं और जीवनमुक्ति पद प्राप्त होता है। *दु:ख के आवागमन से छूटने के लिये परमात्मा की याद के सिवाए और कोई उपाय है ही नहीं।*

उत्तर 5 - *C बाप ने*

बाप तो आते ही हैं कल्प के बाद बच्चों से मिलने। तुम बहुत सिकीलधे बच्चे हो, इसलिए कहते हैं मीठे बच्चे तुम थक गये हो। द्रोपदी के पांव दबाये तो सर्वेन्ट हुआ ना। *“वन्दे मातरम्" किसने उच्चारा है? बाप ने।* बच्चे समझते हैं बाप आया हुआ है, सारी सृष्टि की बेहद की सेवा पर।

उत्तर 6 - *C ब्रह्मा*

शिवबाबा भी कहते हैं मैं पहले इस *(साकार ब्रह्मा) को समझाता हूँ। शिवबाबा का यह चैतन्य होम है।* पहले-पहले यह (ब्रह्मा) सीखते हैं फिर उनसे एडाप्टेड चिल्ड्रेन नम्बरवार सीख रहे हैं।

उत्तर 7 - *B ब्रह्मा*

चोटी तो ब्राह्मणों की है परन्तु ब्राह्मणों को भी रचने वाला कौन है। शूद्र तो नहीं रचेंगे। *चोटी के ऊपर फिर है ब्राह्मणों का बाप ब्रह्मा।* ब्रह्मा का बाप फिर है शिवबाबा।

उत्तर 8 - *D गीता*

औरों से सुनते हैं कि भारत प्राचीन खण्ड था, उसमें देवतायें राज्य करते थे। आदि सनातन देवी-देवता धर्म था, जो अभी नहीं है। *गीता है - देवी-देवता धर्म का माई बाप*। बाकी सब बाद में आते हैं।- ब्राह्मण आत्मा को कभी भी कौन सी आत्मा के प्रति घृणा नहीं आ सकती ?

उत्तर 9 - *C अंदर में जो बुरी आदतें है वह निकाल दो*

बाबा कहते बच्चे यदि *ऊंच पद पाना है तो अन्दर में जो भी बुरी आदतें हैं वह निकाल दो*। कुदृष्टि, क्रोध आदि से बहुत नुकसान होता है, इसलिए कर्म-अकर्म-विकर्म की गुह्य गति जो बाप ने समझाई है, उसे बुद्धि में रखो।

उत्तर 10 - *B आँखें*

माया बड़ी जबरदस्त है, बड़ी प्रबल है। बहुत तूफान लाती है। हर एक कर्मेन्द्रिय धोखा देती है। सबसे जास्ती

धोखा देने वाली कौन सी कर्मेन्द्रिय है? *आंखे सबसे जास्ती धोखा देती हैं।*

उत्तर 11 - *A 8*

मंजिल बहुत ऊंची है इसलिए 8 रत्न ही पास विद् ऑनर निकलते हैं। भल 9 रत्न भी होते हैं, उसमें नम्बरवन तो है बाबा। बाकी 8 रत्न, जब कोई ग्रहचारी बैठती है तो 8 रत्न की अंगूठी पहनते हैं। *तो पास विथ ऑनर 8 ही निकलते हैं।*

उत्तर 12 - *D शिव का पहला बच्चा*

*ब्रह्मा है - शिव का पहला बच्चा।* प्रजापिता ब्रह्मा वह भी बाप ठहरा ना। ब्रह्मा द्वारा शिवबाबा स्वर्ग की स्थापना करते हैं। बाबा कहते हैं मैं इन द्वारा आदि सनातन धर्म की स्थापना कर रहा हूँ।

उत्तर 13- *C स्वच्छता और विशेषता वाली आत्माएं*

आज ज्ञान-सागर बाप होलीहंसों का संगठन देख रहे हैं। *होलीहंस अर्थात् स्वच्छता और विशेषता वाली आत्माएं। * स्वच्छता अर्थात् मन-वचन-कर्म, सम्बन्ध सर्व में पवित्रता।

उत्तर 14- *C जिसका दिल साफ हो*

अगर कोई तन से अर्थात् बाहर से कितना भी स्वच्छ हो, साफ हो लेकिन मन से साफ न हो, स्वच्छ न हो तो कहते हैं कि पहले मन को साफ रखो। *साफ मन वा साफ दिल पर साहेब राज़ी होता है*। साथ-साथ साफ दिल वाले की सर्व मुराद अर्थात् कामनायें पूरी होती हैं।

उत्तर 15- *C खुशी की*

मन खुश तो जहान खुश और मन बीमार तो शरीर पीला हो जाता है। मन ठीक होगा तो शरीर का रोग भी महसूस नहीं होगा। ऐसे होता है ना! क्योंकि आपके पास खुशी की खुराक बहुत बढ़िया है। दवाई अच्छी होती है तो बीमारी भाग जाती है। *आपके पास जो खुशी की खुराक है वह बीमारी को भगा देती है, भुला देती है।*

उत्तर 16- *D उपरोक्त सभी*

ब्राह्मण आत्मा को कभी भी किसी आत्मा के प्रति घृणा नहीं आ सकती। रहम आयेगा, घृणा नहीं आ सकती। क्योंकि जानते हैं कि *चाहे कंस हो, चाहे जरासंधी हो, चाहे रावण हो* - कोई भी हो लेकिन फिर भी रहमदिल बाप के बच्चे घृणा नहीं करेंगे। परिवर्तन की भावना रखेंगे, कल्याण की भावना रखेंगे।